कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 01-11-2024

विषयः- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा "यातायात माह, नम्बर-2024" का हरी झण्डी दिखाकर किया गया शुभारंभ।

- जीवन है अनमोल, यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचें – **सीपी**।
- यातायात माह केवल औपचारिकता नहीं बल्की एक चार सप्ताह का एक मिशन है –
    - **पहला सप्ताह**- स्कूल/कॉलेजो में छात्र/छात्राओं, वाहन चालको, शहर/ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा।
    - **दूसरा सप्ताह**- सड़क दुर्घना के घातक कारकों जैसे ओवर स्पीड, नशे का सेवन कर, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, अवयस्क द्वारा वाहन चलाना, दो पहिये वाहन पर तीन सवारी, गलत दिशा में वाहन चलाना व स्टंट करने वाले वाहन चालको व हूटर/सायरन/प्रेशर हॉर्न/वाहन के शीशे पर काली फिल्म/बिना वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस व बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के वाहनों पर कार्यवाही की जायेगी।
    - **तीसरा सप्ताह**- दुर्घटना वाहुल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) के लिये स्ट्रेटजी बनाकर सुधार करना, अवैध निकासी को बन्द करना, सड़क को गड्डा मुक्त कराया जाना, डिवाइडर का निर्माण, यातायात संकेत चिन्ह, फ्लोरोसेन्ट रिफ्लेक्टर, रोड रिफ्लेक्टर व यातायात सिग्नल लगया जाना आदि।
    - **चौथा सप्ताह**- फर्स्ट एड प्रशिक्षण, गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करना, नागरिक पुलिस व यातायात पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाना।
- यातायात माह के दौरान पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए मॉडिफाइड साइलेंनसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर व वायू प्रदुषण फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 01.11.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा यातायात पुलिस लाइन में दीप प्रज्लित कर **"यातायात माह, नवम्बर-2024"** का शुभारंभ कर यातायात जागरूकता संदेश यात्रा को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने यातायात माह के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए, यातायात के नियमों की जानकारी दी तथा यातायात के नियमों का सदैव पालन करना और लोगों को भी यातायात

नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। यातायात माह चार सप्ताह का एक मिशन है जिसका सख्त क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध डॉ0 के. एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त श्री हृदेश कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त श्री अंजनी कुमार राय, यातायात निरीक्षक, यातायात पुलिसकर्मी, महिला पुलिसकर्मी, होमगार्ड जवान सहित शहर के विभिन्न समाजिक संगठनों, स्कूलों के बच्चे, ऑटो यूनियन और व्यापार मण्डल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।